संपादकीय

# तो वो सच क्या है?

**सवाल तो यह उठा है कि अगर सरकार अपने रुख को लेकर इतना आश्वस्त है, तो उसने सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाई गई समिति की जांच में सहयोग क्यों नहीं किया? वैसे भी मामले पर पूरा फैसला अभी हुआ नहीं है।**

**केंद्र सरकार और सत्ताधारी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का हवाला देते हुए दावा किया है कि पेगासस विवाद बेबुनियाद था। बल्कि पार्टी नेता रविशंकर प्रसाद ने तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी से यह मांग कर दी कि इस मामले में देश को गुमराह करने के लिए वे माफी मांगें। जबकि सुप्रीम कोर्ट यह भी कहा था कि पेगासस जांच में केंद्र ने सहयोग नहीं किया। वैसे भी जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट बंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट को सौंपी है। उस रिपोर्ट में क्या है, यह कोर्ट के अलावा किसी को नहीं मालूम। तो फिर यह कहने का क्या आधार हो सकता है कि इस मामले में सरकार का रुख सही पाया गया है। बल्कि असल सवाल तो यह उठा है कि अगर सरकार अपने रुख को लेकर इतना आश्वस्त है, तो उसने सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाई गई समिति की जांच में सहयोग क्यों नहीं किया? वैसे भी मामले पर पूरा फैसला अभी हुआ नहीं है।**

**बीते 25 अगस्त को अदालत में इस मामले की जांच कर रही तकनीकी समिति ने अपनी रिपोर्ट बंद लिफाफे में अदालत को दी। अदालत ने रिपोर्ट को खोला, उसमें से कुछ अंश पढ़े और उसे दोबारा सील कर दिया। फिर उसे सुप्रीम कोर्ट के महासचिव के पास सुरक्षित रख दिया गया और जो जब अदालत ने जरूरत महसूस की, रिपोर्ट उसे उपलब्ध कराएंगे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने जो अंश पढ़े उनमें लिखा था कि तकनीकी समिति ने 29 मोबाइल फोनों की जांच की थी और उनमें से पांच में गड़बड़ी करने वाला सॉफ्टवेयर पाया गया तो गया। इस सॉफ्टवेयर के पेगासस होने का कोई सबूत नहीं मिला। रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के विषय पर अदालत ने कहा कि जिन लोगों के फोनों की जांच की गई है, उनमें से कईयों ने अपील की है कि रिपोर्ट को सार्वजनिक ना किया जाए, क्योंकि उसमें उनके फोन से प्राप्त उनका निजी डेटा भी है। लेकिन कुछ याचिकर्ताओं की यह गुजारिश जायज है कि रिपोर्ट को एडिट कर कम से कम उनके साथ तो उसे साझा कर दिया जाए। ऐसा नहीं हुआ, तो रहस्य बना रहेगा। जाहिर है, संदेह भी कायम रहेंगे।**

# ट्विटर का एक्शन, भारत में 45 हजार से अधिक खातों को किया बैन




**नई दिल्ली ।** कंटेंट ब्लॉकिंग आदेशों को लेकर भारत सरकार के साथ कानूनी लड़ाई के बीच ट्विटर ने जुलाई के महीने में दिशानिर्देशों के उल्लंघन पर भारतीय यूजर्स के 45,191 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसने अपनी मासिक अनुपालन रिपोर्ट में नए आईटी नियम, 2021 के अनुसार कहा कि ट्विटर ने भारत में बाल यौन शोषण, गैर-सहमति से नग्नता और इसी तरह के कंटेंट को बढ़ावा देने के लिए 42,825 खातों को सस्पेंड कर दिया, जबकि आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए अन्य 2,366 खातों को ब्लॉक कर दिया।

माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को 26 जून से 25 जुलाई के बीच अपने स्थानीय शिकायत तंत्र के माध्यम से देश में 874 शिकायतें मिलीं और 70 शिकायतों पर कार्रवाई की। जून में, ट्विटर ने भारतीय यूजर्स के 43,140 से अधिक खातों को बैन कर दिया था।

ट्विटर ने रिपोर्ट में कहा, हालांकि हम अपने मंच पर खुद को व्यक्त करने के लिए हर किसी का स्वागत करते हैं, हम ऐसे व्यवहार को बर्दाश्त नहीं कर सकते जो दूसरों की आवाज को दबाने के लिए डर का इस्तेमाल करता है, धमकाता है या उत्पीडन करता है। नए आईटी नियम 2021 के तहत 50 लाख से अधिक यूजर्स वाले बड़े डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होती है।

ट्विटर को अपने शिकायत अधिकारी-भारत चैनल में ऐसी शिकायतें प्राप्त होती हैं जो खाते के सत्यापन, खाते तक पहुंच, या किसी खाते या ट्विटर की प्रवर्तन कार्रवाइयों के संबंध में सहायता या जानकारी मांगने से संबंधित हैं। इसके अलावा, ट्विटर ने 124 शिकायतों को संसाधित किया, जो खाता निलंबन की अपील कर रही थीं। कंपनी ने कहा, इन सभी का समाधान किया गया और उचित प्रतिक्रियाएं भेजी गईं। हमने स्थिति की बारीकियों की समीक्षा करने के बाद इनमें से किसी भी खाते के निलंबन को वापस नहीं लिया।

# जसप्रीत बुमराह होंगे परफॉर्मैक्स एक्टिववियर के ब्रांड एम्बेसडर




**नई दिल्ली।** रिलायंस रिटेल के स्पोर्ट्स ब्रांड परफॉर्मैक्स एक्टिववियर ने क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है।

परफॉर्मैक्स एक भारतीय ब्रांड है जो दुनिया के स्पोर्ट्सवियर और एक्टिववियर बाजार में कदम जमाना चाहता है। यह ब्रांड वैश्विक बाजारों में पहचान बनाने वाला पहला भारतीय ब्रांड होगा। रिलायंस रिटेल- फैशन एंड लाइफस्टाइल के सीईओ अखिलेश प्रसाद ने कहा, हमें जसप्रीत को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। जसप्रीत वर्षों से भारत की तेज गेंदबाजी का नेतृत्व कर रहे हैं और बेहद उम्दा खिलाड़ी हैं। हम परफॉर्मैक्स को अंतरराष्ट्रीय ख्याति के पहले भारतीय स्पोर्ट्स ब्रांड के रूप में स्थापित करने की इच्छा रखते हैं। जसप्रीत का परफॉर्मैक्स से जुडऩा उस दिशा में पहला कदम है।

जसप्रीत ने कहा, एक एथलीट के तौर पर मैं उस गियर को बहुत खास मानता हूं, जिसका सही फिट मेरे खेल को बेहतर बनाने में मदद करे। परफॉर्मैक्स में हाई परफॉरमेंस टेक्नॉलोजिकल एक्टिववियर के शानदार परिधान है। जो अगली पीढ़ी के भारतीय एथलीटों के लिए आदर्श पार्टनर साबित होंगे। एक ऐसे ब्रांड के साथ जुडऩा बेहद रोमांचक है, जो मेरी तरह ही मैक्सिमम परफॉर्मेंस में यकीन रखता है।

रिलायंस रिटेल को जसप्रीत के ब्रांड एम्बेसडर बनने से नए ग्राहक मिलने की उम्मीद है।

# शुभंकर डेनमार्क में संयुक्त 47वें स्थान पर



**फोर्सो।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने यहां यूरोपीय टूर के मेड इन हिमरलैंड गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन अंडर 68 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 47वें स्थान पर हैं।

शुभंकर ने बहुत अच्छी शुरुआत की थी तथा पहले नौ होल के बाद उनका स्कोर पांच अंडर था। लेकिन दसवें होल से अपने खेल को शुरू करने वाले इस भारतीय खिलाड़ी ने अंतिम नौ होल में ढीला प्रदर्शन किया। उन्होंने दूसरे से चौथे होल तक लगातार तीन बोगी की। 'रेस टू दुबई' तालिका में 33वें नंबर पर चल रहे शुभंकर ने पांचवें होल में बर्डी बनाई जिससे उनकी स्थिति में कुछ सुधार हुआ। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अमन गुप्ता भी अपनी अच्छी शुरुआत को बरकरार नहीं रख पाए। उन्होंने पहले छह होल में तीन बर्डी और एक ईगल बनाया था लेकिन इसके बाद उन्होंने छह बोगी की। उन्होंने पांचवें और आठवें होल में बर्डी बनाई जिससे उनका स्कोर एक अंडर पर रहा और वह संयुक्त 81वें स्थान पर हैं।

# जेके लक्ष्मी सीमेंट ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में लांच किया अपना प्रीमियम सीमेंट





**लखनऊ।** देश की दिग्गज सीमेंट निर्माता कंपनियों में शुमार जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अपना प्रीमियम सीमेंट जेके लक्ष्मी प्रो प्लस लांच किया।

इस अवसर पर कंपनी के छह सौ से अधिक डीलरों और सेल्स प्रमोटरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इससे पहले कंपनी के निदेशक अरुण शुक्ला ने दावा किया कि जेके लक्ष्मी सीमेंट मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाजारों में एक शीर्ष ब्रांड होगा। कंपनी ने मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में पांच सौ से अधिक डीलरों के माध्यम से अपने सीमेंट ब्रांडों की बिक्री शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा कि जेके लक्ष्मी सीमेंट का सालाना कारोबार पांच हजार करोड़ रूपये का है। कंपनी ने 1982 में राजस्थान में अपना पहला संयंत्र शुरू किया। कंपनी के राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओड़िसा, गुजरात और हरियाणा में सीमेंट निर्माण प्लांट हैं।

श्री शुक्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश के अमेठी में कंपनी का क्रसिंग प्लांट लगाया गया है जिसकी उत्पादन क्षमता 14 मिलियन टन है और कंपनी इस आंकड़े को बिक्री लक्ष्य निर्धारित कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के बाजार में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायेगी। उन्होंने बताया कि पहले से बाजार में मौजूद उच्च गुणवत्ता वाले जेके लक्ष्मी सीमेंट की तुलना में नया ब्रांड छतों की ढलाई को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# सेरेना ने यूएस ओपन को कहा अलविदा, मर्रे भी बाहर




**न्यूयॉर्क।** पिछले दो दशक से अधिक समय से टेनिस कोर्ट पर कई कीर्तिमान स्थापित करने वाली सेरेना विलियम्स का यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सफर तीसरे दौर में थम गया जबकि एक अन्य दिग्गज एंडी मर्रे भी हारकर बाहर हो गए। सेरेना पहले ही संकेत दे चुकी थी कि यह यूएस ओपन में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। इस तरह से 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने फ्लशिंग मीडोज को अलविदा कहा।

यह दिग्गज खिलाड़ी शुक्रवार की रात को तीन घंटे से भी अधिक समय तक चले मैच में अजला टॉमलजानोविच से 7-5, 6-7 (4), 6-1 से हार गई। सेरेना ने पांच मैच प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में जब उनका शॉट नेट पर लगा तो उनकी आंखें भी छलक उठी।

उन्होंने मैच के बाद कहा, यह मेरे लिए अब तक का सबसे अविश्वसनीय सफल रहा है। मैं उस हर व्यक्ति की आभारी हूं जिसने सेरेना आगे बढ़ो, कह कर मेरा हौसला बढ़ाया। सेरेना यूएस ओपन में पहली बार 1999 में खेली थी। तब वह केवल 17 साल की थी लेकिन अब वह शादीशुदा है और उनकी पांच साल की बिटिया भी है। सेरेना इस महीने 41 साल की हो जाएगी। इस बीच पुरुष एकल में तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मर्रे को साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में माटेओ बेरेटिनी ने 6-4, 6-4, 6-7 (1), 6-3 से हरा दिया।

मर्रे ने कहा, मैंने धातु का कूल्हा लगवाया है। उसके साथ खेलना आसान नहीं है। यह बहुत मुश्किल है। मैं हैरान हूं कि तब भी मैं एक ऐसे खिलाड़ी को चुनौती पेश कर रहा हूं जो खेल में अपने शीर्ष पर है। जून में फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली 18 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने मैडिसन कीज को 6-2, 6-3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। गॉफ का सामना अब झांग शुआई से होगा, जिन्होंने रेबेका मैरिनो को 6-2, 6-4 से हराया।

एक अन्य मैच में विंबलडन की फाइनलिस्ट ओन्स जबूर ने 31वीं वरीयता प्राप्त शेल्बी रोजर्स को 4-6, 6-4, 6-3 से पराजित किया। उन्हें अब वेरोनिका कुडरमेतोवा का सामना करना है जिन्होंने डालमा गल्फी को केवल 47 मिनट में 6-2, 6-0 से हराया।


# बीसीसीआई ने डेढ़ करोड़ में खरीदा था नीरज चोपड़ा का भाला



**नई दिल्ली।** पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्मृति चिह्नों के संग्रह की जब ई-नीलामी हुई थी तो ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा का भाला बीसीसीआई ने डेढ़ करोड़ रुपये में खरीदा था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निवास पर उनसे मुलाकात में उन्हें अपना भाला उपहार में दिया था। इस भाले समेत कई चीजों की ई-नीलामी की गई, जिनसे मिली रकम 'नमामि गंगे कार्यक्रम' को गई। नीलामी सितंबर-अक्तूबर 2021 में हुई थी। बोर्ड ने चोपड़ा के भाले के अलावा भारतीय पैरालंपिक दल के हस्ताक्षर वाला अंगवस्त्र भी एक करोड़ रुपये में खरीदा था। चोपड़ा का भाला ई नीलामी में सबसे महंगा बिका, जबकि भवानी देवी की तलवार सवा करोड़ रुपये में। पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल का भाला एक करोड़ 20 हजार रुपये में बिका। लवलीना बोरगोहेन के मुक्केबाजी दस्ताने 91 लाख रुपये में बिके। ई-नीलामी में 1348 स्मृति चिह्न बिके, जिनमें खेलों से जुड़े सामान भी थे। इनके लिये 8600 बोलियां लगाई गईं। चोपड़ा ने हाल ही में वह भाला लुसाने स्थित ओलंपिक संग्रहालय में दिया है, जिससे उन्हें टोक्यो में स्वर्ण पदक जीता था।

# आखिरकार एक प्रोजेक्ट में साथ दिखेंगे विक्की-कैटरीना



विक्की कौशल और कैटरीना कैफ बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोडिय़ों में से एक हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कभी भी पर्दे पर साथ नजर नहीं आए हैं। इनकी शादी के बाद से ही प्रशंसकों को इन्हें पर्दे पर एकसाथ देखने का इंतजार है। पहले चर्चा थी दोनों कॉफी विद करण के नए सीजन में साथ आ सकते हैं। हालांकि, दर्शक यहां भी निराश हुए। अब खबर है कि दोनों आखिरकार एक प्रोजेक्ट में साथ काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार दोनों एक विज्ञापन में साथ नजर आने वाले हैं। दोनों ने 29 अगस्त को महबूब स्टूडियो में इस विज्ञापन की शूटिंग की है। विक्की और कैटरीना दोनों ही अपनी निजता का खास ध्यान रखते हैं। ऐसे में इस विज्ञापन की शूटिंग भी दोनों ने मीडिया से दूर रहकर ही की। दोनों किस उत्पाद के विज्ञापन में पर्दे पर साथ नजर आएंगे, फिलहाल यह भी उजागर नहीं किया गया है।

दोनों ने अपने रिलेशनशिप और शादी को भी इसी तरह पर्दे में रखा था। जब विक्की और कैटरीना की शादी की बात सामने आई तो प्रशंसक हैरान रह गए। विक्की एक अवॉर्ड शो के दौरान कैटरीना पर क्रश होने की बात कबूल चुके थे। वहीं एक चैट शो में कैटरीना ने भी कहा था कि वह विक्की के साथ काम करना पसंद करेंगी। विक्की और कैटरीना ने पिछले साल दिसंबर में राजस्थान के सवाई माधौपुर में शादी की थी।

# फिल्मों में वापसी के लिए तैयार है दिव्या स्पंदना, ट्वीट कर किया बड़ा ऐलान



कन्नड़ एक्ट्रेस दिव्या स्पंदना उर्फ राम्या ने ट्वीट कर बताया कि वह अब फिर से कमबैक कर रही हैं लेकिन इस बार राजनीति में नहीं बल्कि सिनेमा में। गणेश चतुर्थी के मौके पर दिव्या ने लिखा कि वह अपने बुटीक प्रोडक्शन हाउस एप्पल बॉक्स स्टूडियोज से फिल्म प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू करने वाली हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि फिलहाल वह दो फिल्में प्रोड्यूस कर रही हैं, जिन्हें कार्तिक गोडवा और केआरजी स्टूडियोज के योगी जी राज द्वारा डिस्ट्रिब्यूट किया जाएगा। दिव्या स्पंदना राजनीति से ब्रेक लेने के 3 साल बाद एक बार फिर से कमबैक के लिए तैयार हैं। साल 2019 में दिव्या ने राजनीति से ब्रेक ले लिया था और अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कंपनी से जॉब के लिए ऑफर आ सकता है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होने की संभावना है। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है।

***वृष :*** आज आप खुद को उर्जावान महसूस करेंगे। जीवनसाथी को किसी कार्य में सफलता मिलने से घर में खुशी का माहौल बनेगा। किसी नये प्रोजेक्ट पर काम करने से आपको बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। माता-पिता के साथ शॉपिंग करने जायेंगे।

***मिथुन :*** आज ऑफिस में काम का प्रेशर थोड़ा बढ़ सकता है। आप कुछ ऐसे मामलों में भी पड़ सकते हैं, जिनका समाधान निकालने में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

***कर्क :*** आज किसी खास व्यक्ति से अचानक मुलाकात आपके करियर की दिशा में बदलाव ला सकती है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को थोड़ी मेहनत करने की जरूरत है। आज आपका कोई काम बनते-बनते रुक सकता है, लेकिन शाम तक वो काम भी पूरा हो जायेगा।

***सिंह :*** आज कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के नए आसार खुलेंगे। किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलने से आपको फायदा होगा। आपको अपने भविष्य के बारे में थोड़ा विचार करने की जरूरत है।

***कन्या :*** आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने काम के लिये दूसरों को सहमत कराने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। आज कुछ जरूरी निर्णय आपको फायदा दिला सकते हैं।

***तुला :*** आज परिवार वालों के साथ टाइम स्पेंड करने का मौका मिलेगा। आपकी सभी परेशानियाँ दूर होंगी। किसी काम से थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आज नये कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

***वृश्चिक :*** आज तरक्की के कई नए रास्ते नजर आयेंगे। आप पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में सफल होंगे। शाम को बच्चों के साथ समय व्यतीत करेंगे। कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है।

***धनु :*** आज व्यापारी वर्ग को धन लाभ होगा। आप बच्चों के साथ ख़ुशी के पल बितायेंगे। इस राशि के सिविल इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। उन्हें किसी बड़ी कंपनी से जॉब के लिए कॉल या ईमेल आ सकती है।

***मकर :*** आज पहले किये गये काम में मेहनत का बेहतर परिणाम हासिल होगा। ऑफिस का खुशनुमा वातावरण आपके मन को उत्साह से भर देगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

***कुंभ :*** आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद रहेंगे। अगर आप किसी महत्वपूर्ण काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह काम आज पूरा हो जाएगा। आपको निवेश के मामले में कोई अच्छी सलाह मिलेगी। काम में सफलता मिलेगी।

***मीन :*** आज किसी पुरानी बात को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जायेगा। आज घर पर अचानक से कोई मेहमान आ सकता है जिससे घर का महौल खुशनुमा रहेगा। आप कोई सामान कहीं रखकर भूल सकते हैं इसलिए अपनी सभी जरूरी चीजों का ध्यान रखें।

# अब घर में भी ले सकते हैं 'रगड़ा पैटिस' का मजा



**सामग्री :**

**पैटिस की सामग्री-** 3-4 आलू उबले मैश किए हुए, आधा कप पीली मटर (नमक-हल्दी के पानी में उबले हुए), 1/2 टेबलस्पून अदरक-लहसुन का पेस्ट, 1/2 टीस्पून हल्दी पाउडर, एक टीस्पून धनिया पाउडर, 1 टीस्पून भूने जीरे का पाउडर, 1/2 टीस्पून गरम मसाला, स्वादानुसार नमक, 1 टीस्पून चाट मसाला, 2 टेबलस्पून ब्रेड क्रम्ब्स या कॉर्नफ्लोर

**रगड़ा की सामग्री-** 2 प्याज बारीक कटे हुए, एक टमाटर बारीक कटा, 1 हरी मिर्च बारीक कटी, थोड़ा-सा हरा धनिया बारीक कटा हुआ

**विधि :**

पैटिस बनाने के लिए एक बोल में उबले हुए आलू लें। उन पर अदरक-लहसुन का पेस्ट, गरम मसाला, नमक, चाट मसाला, ब्रेड क्रम्ब्स या कॉर्नफ्लोर, हल्दी, धनिया और भुना जीरा पाउडर डालें। इन सबको मिक्स करें और छोटी-छोटी पैटिस (टिक्की) बना लें। पैटिस को 5 मिनट के लिए ढककर रख दें। इस बीच रगड़ा बनाने के लिए एक पैन में रिफाइंड ऑयल गरम करें। उसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट और प्याज भूनें। प्याज जब ब्राउन होने लगे तो देगी मिर्च, हल्दी, गरम मसाला और नमक मिलाकर हल्का भूनें। भूने मसाले में टमाटर-हरी मिर्च डालें और कुछ देर पकने दें। मसाला जब तेल छोड़ दे तो इसमें मटर अच्छी तरह मिक्स करें। थोड़ा सा पानी डालकर 5 मिनट तक तेज आंच पर उबलने दें। पांच मिनट बाद हरा धनिया डालें। इसके बाद किसी नॉन स्टिक पैन में पैटिस को शैलो फ्राई करें। एक सर्विंग बोल में फ्राई की हुई पैटिस रखें। उनके ऊपर रगड़ा डालने के बाद ताजा हरा धनिया, इमली चटनी और कटा प्याज डालें। आखिर में चाट मसाला बुरककर धनिया पत्तियों से गार्निश करें। चाहें तो इसके ऊपर बारीक सेव डालें। तैयार है स्वादिष्ट रगड़ा पैटिस।


# शब्द सामर्थ्य- 338

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 182 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 338

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र182का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |